# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा — STAGE - I 2019—2020

### (National Talent Search Examination- Stage - I) 2019—2020 हेतु आनलाईन आवेदन पत्र भरने संबंधी निर्देश

क्रमांकः परीक्षा—1/सैल—7/NTSE-Stage - I/2019—20/01 दिनांक : 30.08.2019

राजस्थान में कक्षा—10 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा — Stage - I (NATIONAL TALENT SEARCH EXAMINATION — Stage - I) 2019—2020 का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT), नई दिल्ली की गाईडलाईन के आधार पर रविवार, **दिनांक 03 नवम्बर, 2019** को प्रातः 9.30 से 11.30 तक एवं दोपहर 01.30 से 03.30 बजे तक राजस्थान राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा।

01. इस परीक्षा के निर्देश, नियम एवं पाठ्यक्रम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। इस परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम का स्तर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा वर्तमान में संचालित कक्षा 9 एवं 10 का रहेगा।

02. इस परीक्षा में मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों (केन्द्रीय, पब्लिक, नवोदय, कॉन्वेंट, निजी, सरकारी, अर्द्धसरकारी सहित) के सत्र 2019—2020 में कक्षा 10 में नियमित रूप से अध्ययनरत वे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होनें कक्षा 9 में हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं तृतीय भाषा विषयों में समग्र रूप से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों। आरक्षित वर्ग (अजा/अजजा एवं दिव्यांग) परीक्षार्थियों हेतु न्यूनतम अंकों की सीमा 50 प्रतिशत होगी।

03. राज्य में Stage - I की परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की Stage - II की परीक्षा NCERT, नई दिल्ली द्वारा रविवार, 10 मई, 2020 को ली जायेगी।

04. **NTSE (Stage — I) 2019—2020 की परीक्षा योजना निम्नानुसार है :—**

| PAPER | TEST | TIMINGS | NUMBER OF QUESTION | NUMBER OF MARKS | TIME DURATION | QUALIFYING MARKS | SELECTION CRITERIA |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PAPER-1 | MENTAL ABILITY TEST (MAT) | 9.30 AM TO 11.30 AM<br>09.30 AM TO 12.00 NOON (compensatory time for candidates with benchmark disabilities) | 100 | 100 | 120 MINUTES | 32% SC/ST/ PH CANDIDATES<br>40% FOR GEN., OBC & EWS CANDIDATES | • ALL THE QUESTION WILL BE MCQs WITH FOUR OPTIONS.<br>• ONLY CANDIDATES QUALIFYING IN BOTH THE PAPERS SEPARATELY WILL BE CONSIDERED FOR MERIT.<br>• SELECTION OF THE AWARDEES WILL BE MADE ON THE BASIS OF TOTAL MARKS SCORED IN MAT & SAT BASED ON MERIT.<br>• THERE WILL BE NO NEGATIVE MARKING. |
| PAPER-2 | SCHOLASTIC APTITUDE TEST (SAT) | 13.30 PM TO 15.30 PM<br>13.30 PM TO 16.00 PM (compensatory time for candidates with benchmark disabilities) | 100 (SCIENCE-40, MATHEMATICS-20, SOCIAL SCIENCE-40 | 100 | 120 MINUTES | | |

05. **परीक्षा हेतु आवेदन करने की तिथियाँ :—**

| परीक्षा शुल्क हेतु समयावधि | विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने एवं बैंक चालान मुद्रण की अंतिम तिथि | मुद्रित चालान द्वारा बैंक में शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि | विद्यालयों द्वारा बोर्ड को आवेदन पत्र की हॉर्ड कॉपी, परीक्षा शुल्क जमा का बैंक चालान, मय छात्र सूची सहित भिजवाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | गुरूवार, 19 सितम्बर, 2019 | सोमवार, 23 सितम्बर, 2019 | शुक्रवार, 04 अक्टूबर, 2019 |
| विलम्ब शुल्क सहित | गुरूवार, 26 सितम्बर, 2019 | सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 | |

06. **परीक्षा शुल्क :—**

| परीक्षार्थी की श्रेणी | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क सहित |
|---|---|---|
| (1) सामान्य | 300/— | 350/— |
| (2) अनु.जाति/अनु.जनजाति/दिव्यांग (प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर) | 200/— | 250/— |

नोट :— परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क विद्यालय द्वारा रूपये 20/— प्रति परीक्षार्थी अलग से लिया जायेगा।

07. **Social category of candidate** :— GENERAL-1, OBC-2, SC-3, ST-4 EWS-5

www.rajteachers.com

08. **आरक्षण (RESERVATION):—**

(A) **SC** परीक्षार्थी हेतु 15% एवं **ST** परीक्षार्थी हेतु 7.5% आरक्षण निर्धारित है।

(B) **OBC :-** MHRD LETTER (F. NO. 15-19/2014.SCH-4 DATED NOVEMBER 2, 2017), 27% SEATES will be reserved for OBC candidates from the central list. List of OBC under central list (State Wise) is available http://www.ncbc.nic.in/user_panel/centralliststateview.aspx The reservation will be provided as per Government of India norms. As per central norms subject to the income limit notified by the government of india from time to time for determination of the creamy layer for the purpose of OBC reservation, in addition to the SC, ST and candidates with benchmark disabilities.

(C) **EWS** :— As per the Constitutional (One Hundred and Third Amendment) Act 2019, 10% seats will be reserved for the candidates belonging to Economical Weaker Sections (EWSs) from the year 2019-2020, who are not covered under the scheme of reservation for SCs, STs and OBCs. These candidates have to produce income & assets certificate issued by the competent authority.

(D) **BENCHMARK DISABILITIES (PH) :-** Rights of Persons with disabilities Act 2016, 4% reservation for candidates with benchmark disabilities (BLV-1, DH-2, LD-3, AID-4, MD-5, NONE-6) as per National norms.

09. **आवेदन की प्रक्रिया एवं अति आवश्यक निर्देश :—**

01. **उक्त परीक्षा हेतु केवल ऑनलाईन आवेदन पत्र ही स्वीकार्य है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रधान की होगी।**

02. राजस्थान बोर्ड में सम्बद्वता प्राप्त विद्यालयों को वर्ष 2019 परीक्षा हेतु आवंटित Login ID & Password के आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाने है एवं अन्य बोर्ड से संबंधित विद्यालय बोर्ड कार्यालय से Login ID तथा Password प्राप्त कर आवेदन पत्र भरने की कार्यवाही करें।

03. आवेदन पत्र बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर उपयोग में लिये जा सकेंगे।

04. संस्था प्रधान परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन पत्र में परीक्षार्थी की जन्म दिनांक, केटेगरी, घर का पूर्ण पता, ई—मेल आई.डी. एवं मोबाईल नं. सही अंकित करें।

05. **संस्था प्रधान Social Category, PH एवं EWS के परीक्षार्थियों से SC/ST/OBC/PH/EWS का प्रमाण पत्र प्राप्त कर संबंधित Category में आवेदन पत्र भरावें एवं संबंधित प्रमाण पत्र को संस्था प्रधान सत्यापित कर अनिवार्य रूप से स्कैन कर अपलोड करें। प्रमाण पत्र के अभाव में अभ्यर्थियों को तदनुसार परिलाभ देय नहीं होगा।**

06. **OBC परीक्षार्थी की जाति केन्द्रीय सूची (state wise) में सम्मिलित होनी चाहिए। परीक्षार्थी के स्वयं का जाति प्रमाण पत्र दिनांक 01.04.2016 अथवा इसके पश्चात का जारी होना चाहिए। जाति प्रमाण पत्र तथा आय प्रमाण पत्र की फोटो प्रति संस्था प्रधान द्वारा सत्यापित कर अनिवार्य रूप से ऑनलाईन स्कैन कर अपलोड किये जाए तथा आवेदन पत्र के साथ सलंग्न कर बोर्ड को प्रेषित करें।**

07. दिव्यांग अभ्यर्थियों को राजकीय चिकित्सालय से जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।

08. परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मय प्रमाण पत्रों के जमा शुल्क चालान की प्रतियों एवं सूची सहित निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से बोर्ड को भेजना अनिवार्य हैं।

09. संस्था प्रधान परीक्षार्थियों को यह भी सूचित करें कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को उपरोक्त प्रमाण पत्रों की प्रति पर अपना रोल नम्बर तथा मोबाईल नम्बर अंकित करते हुए वीक्षक/केन्द्राधीक्षक को अनिवार्यतः प्रस्तुत करनी है।

10. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय परीक्षार्थी की जातिगत श्रेणी (Social category) में की गई किसी भी त्रुटि से परीक्षा परिणाम प्रभावित होने पर समस्त जिम्मेदारी संस्था प्रधान एवं स्वयं परीक्षार्थी की होगी।**

11. अन्य बोर्ड से सम्बन्धित विद्यालय Login ID & Password हेतु दूरभाष नं. 0145—2632865, 2627454 पर सम्पर्क एवं bser.pwd@gmail.com पर ई—मेल करे।

12. राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा— Stage - I 2019—2020 से संबंधित जानकारी हेतु **ntse.bser@gmail.com** पर ई—मेल करे।

13. अन्य जानकारी हेतु बोर्ड कन्ट्रोल रूम नम्बर 0145—2632866, 867, 868 पर एवं श्री राजेन्द्र कुमार सक्सेना, सहा. निदेशक से दूरभाष नं. 0145—2632877 तथा श्री महेन्द्र सिंह शक्तावत, ए.सी.पी. से मो.न. 9772044597 पर सम्पर्क एवं फैक्स नं. 0145—2632869 पर फैक्स किया जा सकता है।

**सचिव**

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा – स्टेज प्रथम 2019–2020

## (National Talent Search Examination- Stage -I) 2019–2020

### (कक्षा–10 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों हेतु)

### निर्देश, नियम एवं पाठयक्रम

मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना राष्ट्रीय प्रतिभा खोज स्कीम के योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिये राज्य स्तर पर योग्य परीक्षार्थियों के चयन हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कोटा के अनुसार NTSE stage-I पर द्वारा चयनित विधार्थी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित द्वितीय स्तर परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होते है। द्वितीय स्तर की परीक्षा NCERT, नई दिल्ली द्वारा ली जायेगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in एवं NCERT नई दिल्ली की वेबसाईट www.ncert.nic.in को देख सकते हैं।

**पात्रता :–**

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा – Stage-I में राजस्थान राज्य में स्थित मान्यता प्राप्त सभी राजकीय/निजी/केन्द्रीय/सैनिक/नवोदय विद्यालयों के वर्तमान में कक्षा–10 में नियमित रूप में अध्ययनरत वे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होंने कक्षा–9 में हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत/तृतीय भाषा विषयों में समग्र रूप से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग हेतु न्यूनतम अंको की सीमा 50 प्रतिशत होगी।

**आरक्षण (RESERVATIONS) :–**

1. SC परीक्षार्थी हेतु 15% एवं ST परीक्षार्थी हेतु 7.5% आरक्षण निर्धारित है।
2. **Reservation of seats under OBC Quota** :- NTS परीक्षा Stage -I (2019–20) के अन्तर्गत Adhering to the MHRD letter, 27 % seats will be reserved for OBC candidates from the central list. List of OBC under central list (State Wise) is available at http://www.ncbc.nic.in/user panel/centralliststateview.aspx The reservation will be provided as per GOI norms. As per central norms subject to the income limit notified by the government of india from time to time for determination of the creamy layer for the purpose of OBC reservation, in addition to the SC, ST and candidates with benchmark disabilities.
3. **EWS :-** As per the Constitutional (One Hundred and Third Amendment) Act 2019, 10 % seats will be reserved for the candidates belonging to Economical Weaker Sections (EWSs) from the year 2019-2020, who are not covered under the scheme of reservation for SCs, STs and OBCs. These candidates have to produce income & assets certificate issued by the competent authority. States were advised to notify this change in their advertisement and also give space in the application form for candidates.
   General :- 1, OBC :- 2,SC :- 3, ST :- 4, EWS :- 5
4. **Reservation for Benchmark disabilities (PH)** :- Rights of Persons with Disabilities Act-2016, there will be 4% Reservation for candidates with benchmark Disabilities of which, one percent each shall be reserved for persons with benchmark disabilities under clauses (a), (b) and (c) and one percent for persons with benchmark disabilities under clauses (d) and (e) namely :-

| S.no. | TYPE OF DISABILITY | SHORT FORM (abbreviation) | codes in application from |
|---|---|---|---|
| (a) | blindness and low vision; | BLV | 1 |
| (b) | deaf and hard of hearing; | DH | 2 |
| (c) | locomotor disability including cerebral palsy, leprosy cured, dwarfism, acid attack victims and muscular dystrophy; | LD | 3 |
| (d) | autism, intellectual disability, specific learning disability and mental illness; | AID | 4 |
| (e) | multiple disabilities from amongst persons under clauses (a) to (d) including deaf- blindness in the posts identified for each disabilities | MD | 5 |
| (f) | None | | 6 |

**परीक्षा योजना :–**

यह परीक्षा एक ही दिन में दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र के पश्चात् 2 घंटे का अन्तराल रहेगा। प्रथम सत्र–बौद्धिक योग्यता परीक्षा (MENTAL ABILITY TEST), द्वितीय सत्र–शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) का होगा।

**परीक्षा तिथि :–** रविवार, दिनांक 03 नवम्बर, 2019

**परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने का समय :–** प्रातः 08.30 बजे।



www.rajteachers.com

**परीक्षा समय :–** प्रत्येक प्रश्न पत्र हेतु निर्धारित समयावधि किसी भी दशा में नहीं बढ़ाई जायेगी।

| क्र.सं. | सत्र | समय | Benchmark दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम सत्र – MAT (बौद्धिक योग्यता परीक्षा) | प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक | प्रातः 9:30 बजे से 12:00 बजे तक |
| 2 | द्वितीय सत्र –SAT (शैक्षिक योग्यता परीक्षा) | दोपहर 01:30 बजे से 03:30 बजे तक | दोपहर 01:30 बजे से 04:00 बजे तक |

दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के अनुरूप श्रुत–लेखक प्रदान करने की व्यवस्था की जावें। जिसकी योग्यता कक्षा–9 में अध्ययनरत विद्यार्थी की हो।

**पाठ्यक्रम :–**

इस परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम का स्तर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा वर्तमान में सचालित कक्षा–9 एवं 10 का रहेगा।

**प्रथम सत्र :– बौद्धिक योग्यता परीक्षा** (MENTAL ABILITY TEST) :–

इस प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न बहुविकलपीय (04 विकल्प वाले) होंगे, जिन्हें 120 मिनट में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। इस प्रश्न पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों की तार्किक क्षमता, सोचने की योग्यता, निर्णय–योग्यता, मूल्यांकन एवं विभेदीकरण आदि की परीक्षा ली जाती है।

1. शाब्दिक प्रश्न
   - अक्षर श्रेणी
   - संख्या श्रेणी
   - कथन प्रकार
   - वेन–आरेख
   - समानता–असमानता
   - डाइस–टाइप
   - कूट–अकूट
   - अर्थ–ग्रहण
   - सम्बन्ध
   - क्रम–आरोही–अवरोही, छोटा–बड़ा इत्यादि
   - दिन – दिनांक संबंधी
2. अशाब्दिक प्रश्न (चित्रात्मक–समस्यायें)

**द्वितीय सत्र :– शैक्षिक योग्यता परीक्षा** (SCHOLASTIC APTITUDE TEST) :–

इस प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न बहुविकलपीय (04 विकल्प वाले) होंगे, जिन्हें 120 मिनट में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा। इस परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा वर्तमान में संचालित कक्षा–9 एवं 10 का रहेगा। शैक्षिक योग्यता परीक्षा के प्रश्न पत्र में विषयवार प्रश्नों का विभाजन निम्नानुसार रहेगा :–

1. विज्ञान 40 प्रश्न
2. सामाजिक विज्ञान 40 प्रश्न
3. गणित 20 प्रश्न

} कुल 100 प्रश्न

नोट :– <u>उक्त दोनो प्रश्न पत्रों में परीक्षार्थी का उत्तर गलत होने पर प्राप्तांकों से अंक नहीं काटे जायेंगे अर्थात NEGATIVE MARKING नहीं होगी।</u>

**परीक्षा हेतु आवेदन करने की तिथियाँ :–**

| परीक्षा शुल्क हेतु समयावधि | विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने एवं बैंक चालान मुद्रण की अंतिम तिथि | मुद्रित चालान द्वारा बैंक में शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि | विद्यालयों द्वारा बोर्ड को आवेदन पत्र की हॉर्ड कॉपी, अन्य प्रलेख, शुल्क जमा का बैंक चालान, मय छात्र सूची सहित भिजवाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | गुरूवार, 19 सितम्बर, 2019 | सोमवार, 23 सितम्बर, 2019 | शुक्रवार, 04 अक्टूबर, 2019 |
| विलम्ब शुल्क सहित | गुरूवार, 26 सितम्बर, 2019 | सोमवार, 30 सितम्बर, 2019 | |

**परीक्षा शुल्क :–**

| परीक्षार्थी की श्रेणी शुल्क हेतु | बिना विलम्ब शुल्क रू. | विलम्ब शुल्क सहित रू. |
|---|---|---|
| (1) सामान्य | 300/– | 350/– |
| (2) अनु.जाति/अनु.जनजाति/दिव्यांग (प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर) | 200/– | 250/– |

नोट :–परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त अग्रेषण शुल्क विद्यालय द्वारा रू. 20/– प्रति परीक्षार्थी अलग से लिया जायेगा।

**परीक्षा केन्द्र :–**

यह परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा निर्धारित राजस्थान राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर स्थित केन्द्रों पर आयोजित की जावेगी।

**प्रवेश पत्रः–**

NTSE stage-I 2019–20 के प्रवेश पत्र संबंधित विद्यालय प्रधान जहां से ऑनलाईन आवेदन पत्र भरा है वे बोर्ड द्वारा प्रदत्त आई.डी., पासवर्ड द्वारा बोर्ड वेबसाईट से परीक्षा आरम्भ से पूर्व डाउनलोड कर सकेगें।


www.rajteachers.com

# परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने संबंधी निर्देश

## 1. विद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से पूर्व विशेष दिशा निर्देश

01. **उक्त परीक्षा हेतु केवल ऑनलाईन आवेदन पत्र ही स्वीकार्य है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रधान की होगी।**
02. राजस्थान बोर्ड में सम्बद्वता प्राप्त विद्यालयों को वर्ष 2019 परीक्षा हेतु आवंटित Login ID & Password के आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरवाने है एवं अन्य बोर्ड से संबंधित विद्यालय बोर्ड कार्यालय से Login ID तथा Password प्राप्त कर आवेदन पत्र भरने की कार्यवाही करें।
03. आवेदन पत्र बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर उपयोग में लिये जा सकेंगे।
04. संस्था प्रधान परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन पत्र में परीक्षार्थी की जन्म दिनांक, केटेगरी, घर का पूर्ण पता, ई–मेल आई. डी. एवं मोबाईल नं. सही अंकित करें।
05. **संस्था प्रधान Social Category, PH एवं EWS के परीक्षार्थियों से SC/ST/OBC/PH/EWS का प्रमाण पत्र प्राप्त कर संबंधित Category में आवेदन पत्र भरावें एवं संबंधित प्रमाण पत्र को संस्था प्रधान सत्यापित कर अनिवार्य रूप से स्कैन कर अपलोड करें। प्रमाण पत्र के अभाव में अभ्यर्थियों को तदनुसार परिलाभ देय नहीं होगा।**
06. **OBC परीक्षार्थी की जाति केन्द्रीय सूची (state wise) में सम्मिलित होनी चाहिए। परीक्षार्थी के स्वयं का जाति प्रमाण पत्र दिनांक 01.04.2016 अथवा इसके पश्चात का जारी होना चाहिए। जाति प्रमाण पत्र तथा आय प्रमाण पत्र की फोटो प्रति अनिवार्य रूप से संस्था प्रधान द्वारा सत्यापित कर ऑनलाईन स्कैन कर अपलोड किये जाए तथा आवेदन पत्र के साथ सलंग्न कर बोर्ड को प्रेषित करे।**
07. दिव्यांग अभ्यर्थियों को राजकीय चिकित्सालय से जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।
08. परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मय जमा शुल्क चालान की प्रतियों एवं सूची सहित निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से बोर्ड को भेजना अनिवार्य हैं।
09. संस्था प्रधान परीक्षार्थियों को यह भी सूचित करें कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को उपरोक्त प्रमाण पत्रों की प्रति पर अपना रोल नम्बर तथा मोबाईल नम्बर अंकित करते हुए वीक्षक/केन्द्राधीक्षक को अनिवार्यतः प्रस्तुत करनी है।
10. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय परीक्षार्थी की जातिगत श्रेंणी (Social category) में की गई किसी भी त्रुटि से परीक्षा परिणाम प्रभावित होने पर समस्त जिम्मेदारी संस्था प्रधान एवं स्वयं परीक्षार्थी की होगी।**

## 2. आवेदन पत्र भरने की प्रकिया :–

**रिक्त परीक्षा आवेदन पत्र बोर्ड की बेवसाईट पर उपलब्ध है, जहाँ से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। भरे हुए हस्तलिखित आवेदन पत्रों के आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरे जायेगे। इन आवेदन पत्रों की फोटो प्रतिया करवाकर इच्छुक अभ्यर्थियों से भरावें। इन पर अभ्यर्थियों का फोटो चिपकाकर काली स्याही से हस्ताक्षर भी करावें। इन परीक्षा आवेदन पत्रों की पूर्ति विद्यालय के रिकार्ड के अनुसार सुनिश्चित कर ले।**

**(अ) चैकलिस्ट प्राप्त करना :–** सभी आवेदन–पत्रों की पूर्ति के पश्चात् उनका प्रिन्ट आउट (PROVISIONAL FORM FOR CORRECTION) निकलवा लें। इन प्रिन्ट आउट्स की जाँच मूल आवेदन–पत्रों/विद्यालय रिकॉर्ड से भली–भांति कर लें तथा आवश्यक संशोधन वाछित करें। अस्थायी आवेदन पत्र (PROVISIONAL FORM FOR CORRECTION) स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**(ब) चालान फार्म व अग्रेषण सूची प्रिण्ट करना :– सभी संशोधन करने के पश्चात Data Lock करने के लिए Data Lock को क्लिक करें। ध्यान रहे Data Lock के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं होगा। ICICI बैंक अथवा बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक द्वारा निर्धारित ऑनलाईन चालान मुद्रित करें। चालान फार्म तथा परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची प्रिन्ट करें। एक बार चालान मुद्रित होने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र पुनः भरने के लिये चालान हेतु पूर्वानुसार प्रकिया अपनाई जावें। ध्यान रहे कि चालान निरस्त करने की स्थिति में उस चालान से संबंधित सभी परीक्षा आवेदन–पत्र स्वतः Delete हो जायेंगे।**

## 3. परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु अधिकृत बैंक एवं बैंक सेवा शुल्क निम्नानुसार होगा :–

(अ) **ICICI बैंक में केवल ऑनलाईन शुल्क जमा होगा।** विद्यालय द्वारा ऑनलाईन शुल्क जमा कराये जाने पर प्रति ट्रान्जेक्शन :–

| | | |
|---|---|---|
| (01) इन्टरनेट बैंकिंग (स्वयं के बैंक एवं अन्य समस्त बैंक द्वारा) | – | 12 रू. प्रति व्यवहार (जीएसटी सहित) |
| (02) डेबिट कार्ड के माध्यम से रू. 2000/– तक | – | NIL |
| (03) डेबिट कार्ड के माध्यम से रू. 2000/– से अधिक | – | 1% + जीएसटी |
| (04) क्रेडिट कार्ड | – | 1% + जीएसटी |

(ब) **बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में केवल नकद शुल्क जमा होगा।** राजस्थान राज्य में उक्त बैंक की किसी भी शाखा में विद्यालय द्वारा नकद राशि चालान से राशि जमा कराने पर 12 रू. प्रति ट्रान्जेक्शन GST सहित देय होगा।

नोटः– अधिक जानकारी के लिए ICICI बैंक हेतु श्री सुमेश माथुर मो. 8696942354, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हेतु श्रीमती दीप्ति कुलश्रेष्ठ मो. 8003490233 से सम्पर्क किया जा सकता है।


www.rajteachers.com

4. **परीक्षा शुल्क जमा कराना :—**

(अ) ICICI बैंक द्वारा केवल ऑनलाइन शुल्क जमा किया जायेगा। Online Challan मुद्रण दिनांक से ही परीक्षा शुल्क ICICI बैंक में ईन्टरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा कराया जा सकता है।

(ब) बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा परीक्षा शुल्क केवल नकद में जमा किया जायेगा। इस हेतु ऑनलाईन चालान मुद्रण दिनांक से ही परीक्षा शुल्क निर्धारित अवधि में राजस्थान में स्थित उक्त बैंक की किसी भी शाखा में नकद जमा कराना होगा।

(स) परीक्षा शुल्क चालान 4 प्रतियों में मय शुल्क विवरण प्राप्त होगा। चालान के साथ परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची भी दो प्रतियों में मुद्रित की जानी है। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा शुल्क जमा करने के पश्चात् सभी 04 चालान एवं अग्रेषण सूची की 02 प्रतियों पर बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा सील लगाकर तथा चालान फार्म की 3 प्रतियाँ वापस लौटा दी जायेगी। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा चालान फार्म पर एक Transaction No. अंकित किया जायेगा।

5. **परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन मुद्रित करना :—** परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् पुनः बोर्ड की वेबसाईट पर Login करें। चालान फार्म पर अंकित Transaction No./Token No. जो कि ICICI बैंक एवं बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा भरा गया है, कम्प्यूटर में फीड करके ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड कापी मुद्रित करें। ICICI बैंक एवं बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा जारी ट्रांजेक्शन आई.डी/टोकन नम्बर का सत्यापन होने के बाद ही आवेदन पत्र मुद्रित हो सकेंगे। इन ऑनलाईन मुद्रित परीक्षा आवेदन–पत्रों को प्रमाणित कर आपको हस्ताक्षर करने हैं तथा विद्यालय की सील अंकित करनी है।

6. **मुद्रित आवेदन पत्र, अग्रेषण सूची तथा चालान की प्रतियॉं भिजवाना :—** ICICI बैंक की ऑनलाईन शुल्क की जमा रसीद एवं बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा सील लगाकर दी गई चालान एवं अग्रेषण सूची की एक फोटो प्रति करवा कर अपने पास सुरक्षित रखें। **भरे हुए आवेदन पत्र की हॉर्ड कॉपी के साथ सम्बन्धित सत्यापित जाति प्रमाण पत्र तथा आय प्रमाण पत्र/दिव्यांगता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करते हुए अग्रेषण सूची तथा चालान की दो प्रतियों के साथ निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज, अजमेर को भिजवाने का श्रम करें। लिफाफे पर राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (NTSE) STAGE-I – 2019–2020 अवश्य अंकित करें।**

7. **एक से अधिक बार ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरना :—** दुबारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने के लिये पुनः उपरोक्त प्रक्रिया (बिन्दु 01 से 06) तक पुनः अपनावें।

**उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर.शीट) भरने के सामान्य निर्देश :—** उत्तर पत्रक (OMR SHEET) कार्बन प्रति सहित परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराई जायेगी। कार्बन प्रति को परीक्षा उपरान्त परीक्षार्थी को साथ ले जाने की अनुमति दी जावें।

परीक्षार्थी एवं केन्द्राधीक्षक यह विशेष ध्यान रखें कि उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) अत्यंत महत्वपूर्ण होने के कारण इसे मोड़े एवं फाड़े नहीं तथा इस पर किसी प्रकार की पिन या ऑलपिन को काम में नहीं लेवें। OMR शीट का दुरूपयोग नहीं करें।

उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) के प्रत्येक चौखाने ☐ में नीले/काले बॉल पेन से लिखना है तथा प्रत्येक गोले ○ को नीले/काले बॉल पेन से गहरा करना है। चौखाने ☐ में लिखने में केवल CAPITAL LETTERS या अंक का प्रयोग करें। प्रत्येक चौखाने के नीचे उसी से संबंधित अक्षर या अंक वाले गोले ○ को नीले/काले बॉल पेन से पूर्णतः गहरा करें।

उत्तर पत्रक में सही विकल्प को गहरा काला नहीं करने की स्थिति में स्कैनर द्वारा नहीं पढ़ें जाने पर परीक्षार्थी स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

इस परीक्षा में परीक्षार्थी का उत्तर गलत होने पर प्राप्तांकों से अंक नहीं काटे जायेंगे अर्थात NEGATIVE MARKING नहीं होगी।

**नोट :—**

01. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी जानकारी हेतु तथा अन्य बोर्ड से सम्बन्धित विद्यालय आई.डी एवं पासवर्ड सम्बन्धी कार्य हेतु I.T. & C शाखा के दूरभाष नं. 0145–2632865, 2627454 एवं PBX दूरभाष नं. 0145–2632870, 871, 872, 873 पर सम्पर्क करें एवं bser.pwd@gmail.com पर ई–मेल करें।
02. अन्य जानकारी हेतु बोर्ड कन्ट्रोल रूम नम्बर 0145–2632866, 867, 868 पर एवं श्री राजेन्द्र कुमार सक्सेना, सहा. निदेशक से दूरभाष नं. 0145–2632877 तथा श्री महेन्द्र सिंह शक्तावत, ए.सी.पी. से मो.न. 9772044597 पर सम्पर्क एवं फैक्स नं. 0145–2632869 पर फैक्स किया जा सकता है।
03. उक्त परीक्षा में केन्द्र निर्धारण, सामान्य दिशा–निर्देश एवं इस परीक्षा से संबंधित अन्य कार्य हेतु ntse.bser@gmail.com पर ई–मेल करे।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान
अजमेर


www.rajteachers.com